# इक्फ़ाई बिज़नेस स्कूल ने हेड ऑफ़ डिपार्टमेंट मीट (विभाग प्रमुख कार्यशाला) का आयोजन किया




**देहरादून, संवाददाता।** शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार को लेकर 6 सितम्बर 2026 को इक्फ़ाई बिज़नेस स्कूल (आइ बी एस) की ओर से हेड ऑफ़ डिपार्टमेंट मीट (विभाग प्रमुख कार्यशाला) आयोजित की गई। इक्फ़ाई बिज़नेस स्कूल 1995 से स्थापित है, जिनके 9 कैंपस भारत के विभिन शहरों हैदराबाद, मुंबई, गुरुग्राम, बैंगलोर , पुणे, कोलकाता , अहमदाबाद , देहरादून और जयपुर में है। यहाँ से अभी तक 79000 से भी ज्यादा विधार्थियो ने अपनी प्रबंधन की पढाई पूरी कर के देश और विदेश के विभिन संस्थानों में कार्यरत है। प्रोफ. राम करण सिंह, कुलपति इक्फ़ाई यूनिवर्सिटी देहरादून ने इस कार्यशाला की सफलता पर सभी को बधाई दी।

इसी दौरान प्रोफ. संजीव मालवीय, कुलसचिव इक्फ़ाई यूनिवर्सिटी देहरादून भी इस कार्यशाला में मौजूद रहे और अपने विचार व्यक्त किये। इस कार्यशाला के दौरान में डॉ. ऋषि दवेसर ने आधुनिक ए .आई. तकनीक एवं संसाधनों से शिक्षा में सुधार की बात कही गई और क्रिएटिंग इंटरैक्टिव, ए .आई.- पॉवर मैनेजमेंट क्लासेज यूसिंग करिपोड़ तू कान्वा ए .आई. (Creating Interactive, AI- Powered Management Classes using Curipod to Canva AI) पर अपने विचार प्रस्तुत किये।

डॉ ऋषि दवेसर ने इस कार्यशाला में आज कल की रोज प्रयोग होने वाले ए आई तकनीक की जानकारी को महत्व देते हुए कहा की अगर हम अधयापक, आज कल के नए तरीको से अपने स्टूडेंट्स की जानकारी को बढ़ावा दे और दैनिक जुड़े पहलुओं से अवगत करवाए तो हम एक स्टूडेंट की जानकारी और उनका करियर हर दिशा में बना सकते है। सेलाकुई स्थित, आइ बी एस कैंपस देहरादून में आयोजित हुई इस कार्यशाला में देहरादून, हरिद्वार, एवं रूड़की क्षेत्र के प्रमुख 16 कॉलेज एवं विश्वविद्यालय के 22 डीन, विभाग प्रमुख एवं वरिष्ठ अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यशाला में बताया गया की शिक्षण के क्षेत्र में नए प्रयोग और व्यवहारिकता से कई नए आयाम छुए जा सकते है । ए .आई. तकनीक एवं संसाधनों के माध्यम से इस से जुड़े लाभ एवं दैनिक जीवन से जुड़े पहलुओ को विस्तार से बताया गया। देहरादून में आयोहित कार्यशाला में इक्फ़ाई यूनिवर्सिटी के कुलसचिव एवं बिज़नेस स्कूल (आइ बी एस) देहरादून के डॉ. ऋषि दवेसर, डीन एवं प्रोग्राम हेड मुख अतिथि एवं मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद रहे ।

मुख्य वक्ताओं ने डीन, विभाग प्रमुख एवं वरिष्ठ अधयापकों को निरंतर अपने ज्ञान में वृद्धि और गुणवत्ता के बढ़ावे पर जोर दिया। इस मौके पर इक्फ़ाई बिज़नेस स्कूल के उप मुख प्रबंधक लाल बहादुर सिंह, उत्तराखंड ने सभी का आभार जताया एवं कार्यशाला की सफलता की जानकारी दी। इस मौके पर गौरव थपलियाल, शिवली सोनकर और अमित सिंह मौजूद रहे।

**इक्फ़ाई बिज़नेस स्कूल 1995 से स्थापित है, जिनके 9 कैंपस भारत के विभिन शहरों हैदराबाद, मुंबई, गुरुग्राम, बैंगलोर , पुणे, कोलकाता , अहमदाबाद , देहरादून और जयपुर में है। यहाँ से अभी तक 79000 से भी ज्यादा विधार्थियो ने अपनी प्रबंधन की पढाई पूरी कर के देश और विदेश के विभिन संस्थानों में कार्यरत है।**